## प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 31.01.2026 (दोपहर–1310 बजे)

### मुख्य समाचार

- **बाबा चावल मिल ग्रुप में तीसरे दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी, 3 करोड़ रुपये से ज्यादा कैश और जेवरात बरामद।**
- **दिल्ली में 19 और 20 फरवरी को आयोजित होने वाले ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर देवघर में प्री समिट का आयोजन, सांसद निशिकांत दुबे हुए शामिल।**
- **पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद धनबाद में अधिवक्ता हड़ताल समाप्त कर न्यायिक कार्य पर लौटे, एसएसपी ने दिया सुरक्षा का भरोसा।**
- **राजमहल में आदिवासियों का महाकुंभ कल से, गंगा तट पर जुट रहे झारखंड, बिहार, बंगाल, ओड़िशा और नेपाल से हजारों आदिवासी, 200 से ज्यादा अखाड़े स्थापित।**
- **7वीं पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड के झोंगो पाहन का शानदार प्रदर्शन, रिकर्व टीम स्पर्धा में जीता रजत पदक।**

*********************

बाबा राइस मिल ग्रुप के खिलाफ आयकर विभाग की छापेमारी आज तीसरे दिन भी जारी है। यह कार्रवाई झारखंड और बिहार के 5 शहरों रांची, जमशेदपुर, पटना, गया और औरंगाबाद में फैले 42 ठिकानों पर एक साथ की जा रही है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक छापेमारी में अब तक 3 करोड़ रुपये से अधिक की बेहिसाब नकदी बरामद की जा चुकी है। नकद के अलावा भारी मात्रा में जेवरात और बेनामी संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं, जिनका मूल्यांकन किया जा रहा है।

*********************

दिल्ली में 19 और 20 फरवरी को आयोजित होने वाले ग्लोबल एआई इम्पैक्ट समिट को लेकर देवघर के सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया में प्री–समिट का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सांसद निशिकांत दुबे शामिल हुए। उन्होंने बताया कि इस वैश्विक सम्मेलन में भारत की एआई शक्ति का प्रदर्शन होगा। उन्होंने देवघर में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के दूसरे चरण का काम जल्द शुरु होने की बात कही।

*********************

गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे आज देवघर स्थित मधुपुर के लालगढ़ पहुंचे और विवादित काली मंदिर का निर्माण कार्य फिर से शुरू कराने का संकल्प लिया। उन्होंने प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल भी उठाये। सांसद ने सभी गांवों में मंदिर बनाने की घोषणा की। गौरतलब है कि लालगढ़ के धोबी टोला में हालिया हिंसक झड़प के बाद से क्षेत्र में भारी तनाव बना हुआ था।

*********************

धनबाद के अधिवक्ताओं ने एसएसपी प्रभात कुमार से मिले आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त कर दी है। आज से सभी वकील न्यायिक कार्यों पर लौट आये हैं। एसएसपी ने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया है कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी और पुलिस प्रशासन उनके साथ बेहतर तालमेल बनाकर कार्य करेगा।

*********************

देश के विभिन्न हिस्सों से आए महाविद्यालयों के लगभग तीस विद्यार्थियों को कल लोकसभा गैलरी से केंद्रीय बजट का सीधा प्रसारण देखने का अवसर मिलेगा। वित्त मंत्रालय के वक्तव्य में कहा गया है कि इससे विद्यार्थियों को वर्ष की सबसे महत्वपूर्ण संसदीय कार्यवाही देखने का अवसर मिलेगा। ये विद्यार्थी भारत के विभिन्न राज्यों से वाणिज्य, अर्थशास्त्र, चिकित्सा और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों सहित विभिन्न शैक्षणिक विषयों से संबंधित हैं। विद्यार्थी कर्तव्य भवन–1 स्थित वित्त मंत्रालय का दौरा भी करेंगे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन शाम को इन विद्यार्थियों के साथ संवाद भी करेंगी।

*********************

झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के नेताओं पर रामगढ़ में आचार संहिता उल्लंघन की एफआईआर दर्ज की गई है। इसमें जिला अध्यक्ष देवानंद महतो, संतोष महतो और नगर परिषद अध्यक्ष पद की प्रत्याशी अनीता कुमारी को आरोपी बनाया गया है।

********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पोषण अभियान के क्रांतिकारी प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि पोषण और स्वास्थ्य में निरंतर हस्तक्षेप से देश भर में महिलाओं और बच्चों के कल्याण को काफी मजबूती मिली है। वे नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय महिला आयोग के 34वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने संदेश दिया कि एक स्वस्थ महिला ही सशक्त राष्ट्र की नींव होती है।

********************

आकाशवाणी केंद्र रांची के तीन वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी अपनी लंबी सेवा के बाद आज सेवानिवृत्त हुए। इनमें सहायक अभियंता दीपक चौधरी, वरीय अभियंत्रण सहायक श्याम सुंदर सिंह और आशुलिपिक दिनेश कुमार सिंह शामिल हैं। इससे पहले कल केंद्र में एक विदाई समारोह आयोजित कर उनके योगदान की सराहना की गई। मौके पर केन्द्र के पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

********************

पलामू के मेदिनीनगर में राज्य स्तरीय दिशा कमिटी के सदस्य देवेश तिवारी ने युवाओं को केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में युवा आत्मनिर्भर बन रहे हैं। श्री तिवारी ने योजनाओं की ग्राउंड मॉनिटरिंग और अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाने का भरोसा भी दिलाया।

********************

राजमहल में कल से आदिवासियों का महाकुंभ यानी राजकीय माघी पूर्णिमा मेला शुरू हो रहा है। गंगा तट पर 200 से अधिक अखाड़े स्थापित किए गए हैं, जहां हजारों श्रद्धालु मरांग बुरू की आराधना और पारंपरिक अनुष्ठान कर रहे हैं। झारखंड सहित बिहार, बंगाल, ओड़िशा और नेपाल से हजारों आदिवासी श्रद्धालु गंगा स्नान और पूजा के लिए यहां पहुंचे हैं।

********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 54 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत तीन लाख 40 हजार रूपये प्रति किलो है।

********************

उत्तरी हवाओं के कारण राज्य के तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, रांची ने आज से अगले चार दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने का अनुमान लगाया है, जिससे आर्द्रता बढ़ सकती है लेकिन राज्य भर में ठंड बनी रहेगी।

********************

पंजाब के पटियाला में आयोजित 7वीं पैरा राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड के झोंगो पाहन ने रिकर्व टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता। टीम ने क्वार्टर फाइनल में दिल्ली और सेमीफाइनल में पंजाब को हराकर शानदार प्रदर्शन किया। खूंटी की उपायुक्त आर. रॉनिटा ने उन्हें बधाई देते हुए युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया।